प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दो□हर समाचार

दिनांक 12.07.2024 समय: 2.10 PM

सी.बी.आई.-नीट

केंद्रीय जांच ब्यूरो-सी.बी.आई. ने राकेश रंजन उर्फ रॉकी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे नीट □□र लीक मामले का सरगना माना जा रहा है, उसे उन्हें 10 दिनों के लिए सी.बी.आई. की हिरासत में भेज दिया गया है। वह इस रैकेट के एक अन्य प्रमुख व्यक्ति संजीव मुखिया से भी जुड़ा हुआ है, जो दो दशकों से घोटाले में शामिल है और फरार है। रॉकी की गिरफ्तारी से सी.बी.आई. को जांच में मदद मिल सकती है। जांच एजेंसी ने अब तक झारखंड के हज़ारीबाग़ के स्कूल के प्रधानाचार्य और उ□-प्रधानाचार्य सहित समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। सी.बी.आई. ने अब तक छह एफ.आई.आर. दर्ज की हैं।

शिवराज-दालें

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस वर्ष चालू खरीफ बुआई के दौरान फसलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि दलहन की खेती में □चास प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दलहन उत□ादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना देश की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्यों में उड़द, अरहर और मसूर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री को मानसून की शुरुआत, भूजल की स्थिति तथा बीज एवं उर्वरकों की उ□लब्धता के बारे में जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय □ुरस्कार - दिव्यांगजन

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में शामिल संस्थानों के लिए राष्ट्रीय □ुरस्कार आवेदन आमंत्रित किए हैं। सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय ने कहा है कि □ुरस्कार का उद्देश्य दिव्यांगो के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले संगठनों को सशक्त बनाना और प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रीय □ुरस्कार 2024 के लिए ऑनलाइन नामांकन इस महीने की 31 तारीख तक भरे जा सकेंगे । विभाग हर साल 3 दिसंबर को दिव्यांगजन अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर □र ये राष्ट्रीय □ुरस्कार प्रदान करता है।

अग्निवीर आरक्षण

केंद्रीय बल □ूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व □ुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सीमा बल के प्रमुखों ने कहा कि □ूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता □रीक्षा भी नहीं होगी।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र □ुलिस बलों में □ूर्व अग्निवीरों की भर्ती का एक बड़ा कदम उठाया है। सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा है कि अग्निवीर सैनिकों के रू□ में तैयार हो रहे हैं और इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।

अलीराज□ुर बावड़ी सफाई

अलीराज□ुर जिले में जोबट स्थित देव स्थान □र बनी प्राचीन बावड़ी का 'जल गंगा संवर्धन' अभियान में सफाई और जीर्णोद्धार किया गया है । बावड़ी में लम्बे समय से जमा गाद, मिट्टी और कचरा निकालने का कार्य जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से किया गया। करीब 60 फीट गहरी बावड़ी वर्ष 1906 की है। शिलालेख के अनुसार बावड़ी का निर्माण तत्कालीन नगर कोतवाल ने कराया था। बावड़ी के सफाई कार्य में 10 ट्रॉली गाद और कचरा निकाला गया है।

रेलवे ट्रेन समय

रेलवे ने अ□नी कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। यह बदलाव श्रीधाम, सं□र्क क्रांति, दयोदय और हमफसर के लिए किया गया है। □श्चिम मध्य रेलवे की ओर से बताया गया है कि इन ट्रेनों में किए गए समय संशोधन के अलावा सभी की समय-सारिणी □ूर्वत ही रहेगी। जबल□ुर-हजरत निजामुद्दीन एम□ी सं□र्क क्रांति एक्सप्रेस 11 अगस्त से जबल□ुर स्टेशन से अब 7:20 बजे रवाना होगी. इसी तरह, जबल□ुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस अब 8:35 बजे और जबल□ुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस शाम 5:45 बजे की जगह अब 5:30 बजे जबल□ुर से रवाना होगी. जबकि बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 06:35 बजे की जगह अब 06:15 बजे कटनी □हुंचेगी।

क्रिकेट-भारत-श्रीलंका

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड-बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट टीम के श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस टूर्नामेंट की शुरूआत 26, 27 और 29 जुलाई को □ल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले तीन टी-20 मैच से होगी। इसके बाद 1, 4 और 7 अगस्त को कोलम्बो के आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में तीन एक दिवसीय मैच खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम इस महीने की 22 तारीख को श्रीलंका □हुंचेगी।

अब कुछ समाचार संक्षे□ में ....

1. □ंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे।
2. सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कल जिला □ंचायत सभाकक्ष में जनचौ□ाल लगाकर नागरिकों की समस्याओं को सुना.
3. आगरमालवा में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में भूमि सु□ोषण अभियान के तहत जिले के 1000 स्थानों □र 6000 □ौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल□ लिया गया।